# Series–A

Roll No........................

Total No. of Questions–9] [Total No. of Printed Pages–15

**A–903–A–X–2325**

# HINDI

Time Allowed—3 Hours Maximum Marks—80

परीक्षार्थी यथासम्भव अपने शब्दों में ही उत्तर दें।

प्रत्येक प्रश्न के अंक उसके सामने दिए गए हैं।

**विशेष निर्देश :**

(i) अपनी उत्तर–पुस्तिका के मुख्य पृष्ठ के ऊपर बायीं ओर दिए गए वृत्त में प्रश्न–पत्र सीरीज अवश्य लिखिये।

(ii) प्रश्नों के उत्तर देते समय जो प्रश्न-संख्या प्रश्न-पत्र पर दर्शाई गई है, उत्तर-पुस्तिका पर वही प्रश्न-संख्या लिखना अनिवार्य है।

(iii) उत्तर-पुस्तिका के बीच में खाली पन्ना/पन्ने न छोड़िये।

(iv) सभी प्रश्न अनिवार्य हैं।

(v) सफाई (लिखाई/सुलेख) का विशेष ध्यान रखिये।

(vi) खण्ड-क में दिए गए बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर उत्तरपुस्तिका में दी गई OMR Sheet पर ही दीजिए।

## खण्ड-क

1. निम्नलिखित बहुविकल्पीय प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 16×1=16

(क) हिन्दी भाषा को राजभाषा होने का गौरव कब प्राप्त हुआ।

(a) 1970

(b) 1966

(c) 1950

(d) 1955.

(ख) भाषा की सार्थक इकाई क्या है?

(a) शब्द

(b) पद

(c) वाक्य

(d) वर्ण।

(ग) निम्न में से कौन सा शब्द 'वायु' शब्द का सही अर्थ नहीं है?

(a) हवा

(b) गगन

(c) समीर

(d) पवन।

(घ) शुद्ध वर्तनी का शब्द है।

(a) बाणी

(b) वाणी

(c) वाणि

(d) वानी।

(ङ) नदी का पर्यायवाची शब्द नहीं है।

(a) पृथ्वी

(b) सरिता

(c) तटिनी

(d) तरंगिणी।

(च) विद्यालय का सही सन्धि विच्छेद है

(a) विद्य+लय

(b) विद्या+लय

(c) विद्या+आलय

(d) वीद्य+लया।

(छ) निम्नलिखित में विशेषण पद है।

(a) सुन्दर कन्या

(b) कन्या

(c) स्त्री

(d) लड़की।

(ज) ''पढ़ाई'' शब्द में पढ़+आई। ''आई'' क्या है?

(a) उपसर्ग

(b) प्रत्यय

(c) धातु

(d) मूल शब्द।

(झ) त्रिफला में समास है।

(a) द्वन्द्व समास

(b) अव्ययी समास

(c) द्विगु समास

(d) कर्मधारय समास।

(ञ) रचना के आधार पर वाक्य के भेद हैं।

(a) दो

(b) तीन

(c) चार

(d) पाँच।

(ट) 'क' का उच्चारण स्थान है।

(a) मुख

(b) जिह्वा

(c) नासिका

(d) कंठ।

(ठ) व्यक्तिवाचक संज्ञा पद है।

(a) सैनिक

(b) न्यायालय

(c) शिक्षक

(d) मोहन।

(ड) यहाँ बच्चे खेल रहे हैं। (अव्यय बताइए)

(a) यहाँ

(b) बच्चे

(c) खेल

(d) रहे हैं।

(ढ) "फसल" किसका जादू है?

(a) नदियों का

(b) नदियों के पानी का

(c) दोनों (a) व (b)

(d) इनमें से कोई नहीं।

(ण) बालक बंसत का बिछौना किस से बना है?

(a) नए-नए पत्तों से

(b) रूई से

(c) सेमल से

(d) उपरोक्त कोई नहीं।

(त) नौसिखिया किसे कहते हैं?

(a) जिसने अभी सीखना आरम्भ किया हो

(b) नौ बातें जानने वाला

(c) नई शिक्षा

(d) नया काम सिखाने वाला।

## खण्ड-ख

2. निम्नलिखित पठित गद्यांश के आधार पर पूछे गये प्रश्नों के उत्तर यथासम्भव अपने शब्दों में दीजिए: 5×2=10

काशी आज भी संगीत के स्वर पर जगती और उसी की थापों पर सोती है। काशी में मरण भी मंगल माना जाता है। काशी आनन्द कानन है। सबसे बड़ी बात है कि काशी के पास उस्ताद बिस्मिल्ला खाँ जैसा लय व सुर की तमीज सिखाने वाला नायाब हीरा रहा है, जो हमेशा से दो कौमों को एक होने व आपस में भाईचारे के साथ रहने की प्रेरणा देता रहा।

(क) आज की काशी कैसी है?

(ख) काशी के पास कौन सा नायाब हीरा है?

(ग) काशी आनन्द कानन कैसे है?

(घ) काशी में मरण मंगलमय क्यों माना गया है?

(ङ) पाठ व लेखक का नाम बताइए।

3. निम्नलिखित पद्यांश के आधार पर प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिए: 5×2=10

और तो कुछ नहीं है वह
नदियों के पानी का जादू है
हाथों के स्पर्श की महिमा है,
भूरी-काली, संदली मिट्टी का गण धर्म है,

रूपांतर है सूरज की किरणों

सिमटा हुआ संकोच है हवा की थिरकन का।

(क) कवि और कविता का नाम लिखिए।

(ख) कवि ने फसल को किसका जादू बताया है?

(ग) भूरी-काली, संदली शब्द किसके लिये प्रयोग किया है?

(घ) फसल किसका रूपांतर है?

(ङ) थिरकन 'पद' से किसका मानवीकरण हुआ है?

4. निम्नलिखित पूछे गये प्रश्नों में किन्हीं **तीन** प्रश्नों के उत्तर दीजिये: 3×3=9

(क) 'एक कहानी यह भी' पाठ में लेखिका के पिता ने रसोई को 'भटियारखाना' कहकर क्यों संबोधित किया है?

(ख) नेताजी का चश्मा हर बार कैसे बदल जाता था?

(ग) गोपियों द्वारा उद्धव को भाग्यवान कहने में क्या व्यंग्य निहित है?

(घ) बच्चे की दंतुरित मुस्कान का कवि के मन पर क्या प्रभाव पड़ता है?

5. निम्नलिखित में से किन्हीं **दो** प्रश्नों के उत्तर अपने शब्दों में दीजिये: $2 \times 4 = 8$

(क) माता का आँचल शीर्षक की उपयुक्तता बताते हुए कोई अन्य शीर्षक सुझाइए।

(ख) बच्चे माता-पिता के प्रति अपने प्रेम को कैसे अभिव्यक्त करते हैं?

(ग) प्रकृति ने जल संचय की व्यवस्था किस प्रकार की है?

## खण्ड-ग

6. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर अपने शब्दों में लिखिये: 5

बार-बार बिजली गुल होने की घटना पर बातचीत करते दो मित्रों की संवाद लिखिए।

**अथवा**

ग्रीष्म अवकाश साथ बिताने का निमंत्रण देते हुए मित्र को पत्र लिखिए।

**अथवा**

अपने प्रधानाचार्य जी को शिक्षा शुल्क क्षमा करवाने के लिए प्रार्थना पत्र लिखिए।

7. भाषा किसे कहते हैं इसके कितने भेद हैं? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए।

अथवा

वाक्य किसे कहते हैं इसके कितने भेद हैं? उदाहरण सहित वर्णन कीजिए। 2½,2½

8. निम्नलिखित में से किसी **एक** विषय पर अपने शब्दों में लिखिये:

मोहल्ले की सफाई के लिए नगर-निगम अधिकारी को पत्र लिखिए।

अथवा

छात्रावासीय जीवन पर टिप्पणी करते हुए अपने बड़े भाई के नाम पत्र लिखिए। 2,3,2

9. निम्नलिखित दिये गये विषयों में से किसी **एक** विषय पर निर्देशित बिन्दुओं के आधार पर (200-250 शब्दों में) निबन्ध लिखिये: 2,2,2,2,2

(क) दीपावली: भूमिका, मनाने का कारण, निर्वाण दिवस, संदेश, उपसंहार।

(ख) पर्यावरण प्रदूषण: भूमिका, फैलने के कारण, हानियाँ, रोकथाम के उपाय, उपसंहार।

(ग) मेरे जीवन का लक्ष्य: भूमिका, कारण, उपसंहार।